दिनांकः 02.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोटपूतली में करेंगे चुनावी रैली को संबोधित।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा–मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए राज्य में बूथ स्तरीय स्वीप कार्य योजना तैयार।
- देश के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने आपराधिक नेटवर्क से निपटने के लिए नयी तकनीक अपनाने पर दिया ज़ोर।
- आईपीएल मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराया–राजस्थान की टीम अंकतालिका में शीर्ष पर।

.............

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के कोटपूतली में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। राज्य में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री की यह पहली रैली है। श्री मोदी दोपहर में मोलाहेड़ा गांव स्थित सभा स्थल पर पहुंचेंगे, जहां वे पार्टी प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा को लेकर और पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

.............

इधर, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के भी चुनावी दौरे जारी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज जोधपुर और पाली में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

.............

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आखिरी तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों द्वारा नामांकन भरने में तेजी आ गयी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सीपी जोशी आज नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले चित्तौडगढ़ के इनाणी सेंटर में नामांकन सभा आयोजित की गयी है। सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी संबोधित करेंगे। वहीं अजमेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी भी नाम निर्देशन पत्र भरेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा उनकी नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इस बीच, जोधपुर से कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा आज अपना नामांकन पत्र भरेंगे। नामांकन सभा को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांगेस नेता सचिन पायलट, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल सहित अन्य नेता संबोधित करेंगे। वहीं पाली से कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल भी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

चुनाव के दूसरे चरण में चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। पांच अप्रैल को इनकी जांच होगी। आठ अप्रैल तक नाम वापसी की जा सकेगी। इस चरण में 13 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

.............

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तरीय स्वीप कार्य योजना तैयार की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस कार्य योजना में 21 विभागों के ग्रासरूट स्तर के कार्मिक, मतदाताओं तक पहुंचकर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतदाता निर्वाचक अधिकारियों और समर्पित सहायक मतदाता निर्वाचक अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस के लिए हेला टोलियों के माध्यम से भी घर–घर पहुंच कर वोट डालने का आह्वान किया जाएगा।

इस बीच, प्रदेश में आयोजित हो रही स्वीप गतिविधियों के तहत कल भरतपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने मतदान मेरा अधिकार विषय को लेकर चित्र बनाये।
नागौर में स्वीप रथ और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। स्वीप रथ में सवार राजहंस आमजन को शत–प्रतिशत मतदान का संदेश दे रहे हैं। सवाईमाधोपुर में स्वीप प्रभारी अधिकारी ने खण्डार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को बूथ स्तरीय अवेयरनेस ग्रुप और चुनावी पाठशाला के माध्यम से हर घर जाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये।
वहीं नेहरु युवा केंन्द्र की ओर से विवेकानन्द पुरम आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में मतदाता जागरुकता संगोष्ठी आयोजित की गयी। बालोतरा के कनाना में शीतला माता मेले में पोस्टर, बैनर, स्लोगन और बैज लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। हनुमानगढ़ में सोशल मीडिया पर जागरूक मतदाता क्विज प्रतियोगिता शुरू की गयी है। क्विज प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले 10 प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।
फलौदी में ट्रांसजेंडर समुदाय ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की है। फलौदी के युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए जोधपुर स्वीप टीम की ओर से पाखी ट्रिविया सीरीज की शुरूआत की गयी है। ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

.............

प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित कराने को लेकर निर्वाचन विभाग सोशल मीडिया पर चुनाव संबंधी पोस्ट और वीडियो पर कड़ी नजर रख रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसा पर पांच फेक न्यूज वीडियो को यूट्यूब, व्हाट्सएप और एक्स प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। श्री गुप्ता ने कल सभी जिला मीडिया नोडल अधिकारियों को फेक न्यूज और हेट स्पीच की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक, सोशल और प्रिंट मीडिया पर नजर रखने के लिए राज्य स्तर पर एक और जिला स्तर पर 33 कमेटियां गठित की गयी हैं।

.............

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये झालावाड़ से हमारे श्रोता का संदेश –

.............

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ ने आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। केन्द्रीय अन्वेंषण ब्यूरो–सीबीआई दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में डी.पी. कोहली मेमोरियल व्याख्यान देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने नए जमाने के आपराधिक नेटवर्क से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नई तकनीक अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीबीआई जैसी कानून और प्रवर्तन एजेंसियों को नई और जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिए नये समाधान की जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान किये।

.............

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल क्रिकेट में कल राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को 125 रन का लक्ष्य दिया था। इसे राजस्थान रॉयल्स ने 15 ओवर तीन गेंदों में हासिल कर लिया। टीम की ओर से रियान पराग ने उनतालिस गेंदों में नाबाद 54 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने तीन–तीन विकेट लिए। बोल्ट को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आईपीएल में राजस्थान की टीम अब तक अपने तीनों मैच जीत कर अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि मुंबई तीनों मुकाबले हारकर तालिका में सबसे नीचे है।

.............